Gyanodaya Mahavidhyalaya

# The News Letter

For Internal circulation only

## THIS ISSUE


- Basant Panchami Program
- National Voting Day
- Republic Day Program
- Shaheed Divas
- Drama Presentation
- Smart Girl Workshop
- Rajju Ganit Workshop
- Independence Day
- Rakshabandhan Celebration
- Orientation Program
- Teacher's Day Celebration
- Intercollege Competitions
- Hindi Diwas
- Sports Meet
- Diwali Celebration
- Get to Gether





## DIRECTOR'S MESSAGE



Director
**Aniruddh Singh**

GYANODAYA group was established in the year1986 under the trust TINY TODD SCHOOL AND COLLEGE SOCIETY with the aim of selfless services to the society. The society is a combination of futuristic vision, meticulous planning and abiding commitment. I welcome you all in the GYANODAYA family. Our foremost goal is to become one of the leading teachers training institute in the field of education. Our talented, highly committed teaching and supporting staff under the effective leadership of Dr. Jasmeet Kaur Tandon, the Principal of Gyanodaya Mahvidhyalaya create a learning environment for our would be teachers so that they become a future torch bearer for the 21st century students. Our faculties are renowned scholars and actively engaged in the academic excellence and innovative research ideas of the modern world. *I Wish You All A Happy and Prosperous New Year*

## FROM PRINCIPAL'S DESK



Principal
**Dr. Jasmeet Kaur Tandon**

Another year has lapsed and we plan to move forward for improving the conditions of our national affairs, personal growth and academic excellence. We sincerely hope that in terms of progress and prosperity 2019 shall live up to all our expectations. On academic platform we require to reposition ourselves in research endeavours. The repositioning is needed to align with the rapidly changing scenario in the research field across the world. The emerging research areas are education and international development, education policy and evaluation, creativity, arts and literature, teaching and pedagogy, psychology and education, teacher and professional education etc

Our focus at GYANODAYA is to make our would be teachers as self motivated, independent, confident and decision makers to take up leadership role in future. GYANODAYA is place where academics and activities are always on and students are moulded as future teachers who have groomed personality in all the three domains viz cognitive, affective and psychomotor. GYANODAYA staff tries to deliver the curriculum in most effective way to meet the present challenges.

Usually we fail to appreciate the good deeds and activities that happen around us as we are engaged in irrelevant talk and assumptions. At GYANODAYA we provide a platform to the students for inter college and intra college competitions where they can show their hidden talents and potentials, connect with other students around them, challenge themselves for different competitions and build their resume. These competitions are organised to provide a fail safe environment to explore student's skills and a decent chance to win. Some social awareness programs are also organised to show our contribution to the society from which we have been gifted with the blessed life.

This is the second issue of News letter. It helps us to show case the campus activities that are happening around the year and to enhance the documentation culture of the institute. It reflects the team efforts of the GYANODAYA'S dedicated staff. I appreciate their efforts to bring the institute at this level and heartily congratulate them for the release of this issue.

Happiness is not something you postpone for the future; it is something you design for the present.

# बसंत पंचमी कार्यक्रम 2018



दिनांक 22 जनवरी 2018 सोमवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में बी. एड. प्रथम / द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बसंत पंचमी के कार्यक्रम का आयोजन किया, इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टण्डन ने सरस्वती पूजन किया एवं छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं बसंत पंचमी की महत्वता पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वर्ष 2017 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा "द न्यूज लेटर" का विमोचन महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा किया गया, जिसमे वर्ष 2017 का विवरण दिया गया तथा आयोजित प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम की प्रस्तुती दी इस अवसर पर वर्षभर में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया।

इस कार्यक्रम के उपरान्त महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. शमीम आरा हुसैन के विदाई समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों एवं छात्रों ने उन्हे उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ विदाई दी।



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह

ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 25/01/2018 गुरूवार को 8 वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसका उद्देश्य "युवा भरतीय मतदाता को लोकतांत्रिक, राजनैतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है" भारत सरकार ने 2011 से हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस" के रूप में मनाने का फैसला किया। समरोह का संचालन बी. एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ज्योति महाजन द्वारा किया गया। अन्य छात्राओं ने स्वयं के विचार व सुन्दर कविताऐं प्रस्तुत की तत्पश्चात् उपस्थित शिक्षको तथा विद्यार्थियों द्वारा मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर मतदाता शपथ ग्रहण की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टंडन द्वारा मतदाता दिवस पर स्वविचार प्रस्तुत किए गए।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समारोह के अंत में छात्रा ज्योति महाजन द्वारा आभार प्रदर्शन कर सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह

दिनांक 26/01/2018, शुक्रवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में 69 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उददेश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का विकास करना था समारोह का शुभारंभ भारत माता पूजन तथा दीपप्रज्जवलन के साथ किया गया। समारोह में बी. एड प्रथम व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा समूह गान व अन्य रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात समारोह के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टंडन द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित किया गया।



## शहीद दिवस



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 30/01/2018 , दिन मंगलवार को शहीद दिवस तथा महात्मा गॉधी जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मौन रखा गया। जिसका उद्देश्य भारत में उन शहीदों को श्रद्धाजलि देना था जो भारत की आजादी , कल्याण और प्रगति के लिए लडे और अपने प्राणों की बलि दी। अत : समस्त शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण द्वारा महात्मा गॉधीजी तथा शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया।

## नाटक प्रस्तुतिकरण



दिनांक 8/02/2018 , गुरूवार को ज्ञानोदय बी. एड महाविद्यालय के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक "सोच बदलो " था जो विजय नगर स्थित सी–21 मॉल में शाम 6 बजे प्रस्तुत किया गया जिसका उद्देश्य सामुदायिक समस्याओं के लिए समाज को जागरूक करना था। नाटक के अन्तर्गत पानी बचाओ , माता – पिता का बच्चों से वर्तमान में व्यवहार तथा जी .एस .टी जैसे मुद्दे शामिल थे। विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह व लगन के साथ नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने विद्यार्थियों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन किया। नाटक को महाविद्यालय की सहायक प्राध्यपिका श्रीमती तनु शर्मा के मार्गदर्शन मे सम्पन्न कराया गया तथा अंत में उनके द्वारा आभार प्रदर्शन कर सी–21 मॉल के इवेन्ट मैनेजर श्री राजकुमार जी को महाविद्यालय की ओर से धन्यवाद दिया गया।

## प्रथम द्विदिवसीय स्मार्ट गर्ल कार्यशाला



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 5/02/2018 , सोमवार तथा 6/02/2018 , मंगलवार को दो दिवसीय स्मार्ट गर्ल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका व्यापक उद्देश्य लडकियों में आत्मसम्मान और आत्मजागरूकता का विकास करना है महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए दिनांक 1/02/18 तथा 2/02/18 को सुश्री विभूति अग्निहोत्री ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्मार्ट गर्ल कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण लिया। जिसमें DAVV के कुलपति डॉ. नरेन्द्र धाकड ने 280 कॉलेज की एक लाख छात्राओं को "स्मार्ट गर्ल" बनाने का संकल्प लिया। BIS के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रफुल पारख तथा उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र कुमार जैन द्वारा "स्मार्ट गर्ल" प्रोजेक्ट क्रियान्वयन की जानकारी दी ततपश्चात् DAVV के छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. एल. के. त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। महाविद्यालय मे आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ में सहायक प्राध्यपिका श्रीमती तनु शर्मा द्वारा स्मार्ट गर्ल प्रोजेक्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। मास्टर ट्रेनर सुश्री विभूति अग्निहोत्री द्वारा प्रथम दिन स्व जागरूकता , संवाद एंव रिश्ते , आत्मसम्मान व आत्मरक्षा उद्देश्य को लेकर तथा द्वितीय दिन चयन व निर्णय ,मित्रता व प्रलोभन तथा माता के साथ संवाद उद्देश्य को लेकर कार्यशाला का क्रियान्वयन किया गया। छात्राओं ने पूर्ण उत्साह व आत्मविश्वास के साथ भाग लिया।

## द्वितीय द्विदिवसीय स्मार्ट गर्ल कार्यशाला



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 10/02/2018 , शनिवार तथा 11/02/2018 , सोमवार को द्वितीय दो दिवसीय स्मार्ट गर्ल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अन्य 50 लडकियों को सशक्त , जागरूक व सतर्क करना था कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर , सुश्री विभूति अग्निहोत्री द्वारा पूर्व कार्यशाला की भांति प्रथम दिन स्वजागरूकता , संवाद एंव रिश्ते , आत्मसम्मान व आत्मरक्षा तथा द्वितीय दिन लडकियों के अभिभावकों के समक्ष उनकी समस्याएँ , मतभेद व संवादों के अभाव के बारें में बातचीत की गई एंव उन्हे समझाया गया कि आज के युग में प्रलोभन की जगह अपनी समझ का उपयोग करके मित्रों का चुनाव करें। इस प्रकार उपर्युक्त बिन्दुओं को मनोरंजक क्रियाओं द्वारा समझाते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।

# रज्जु गणित कार्यशाला



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 25 से 27 जून 2018 को रज्जु गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उद्देश्य गणित को आसान और अवधारणात्मक रुप से स्पष्ट बनाने के दृष्टिकोण के साथ ज्यामिती पर केन्द्रित स्कूल गणित शिक्षण की गंभीरता से जांच करना था। कार्यशाला का शुभारम्भ ख्यात गणितज्ञ प्रोफेसर श्री सी.के.राजू द्वारा दीपप्रज्जवलित कर किया गया । यह कार्यशाला छात्रों तथा शिक्षकों को लाभ पहुँचने की उम्मीद से रखी गयी जिससे जो गणित को मुश्किल समझते है और उस कठिनाई के लिए खुद को या अपने शिक्षक को गलत तरीके से दोष देते है ।

आपने जागरुक किया कि आज़ादी के बाद से हमने कभी भी हमारे गणित के शिक्षक की गंभीरता से जांच नहीं की और केवल अन्धविश्वास से गणित करने के पश्चिमी तरिको की श्रेष्ठता को माना जो वास्तव में गणित को कठिन बनाते है और इसका व्यावहारिक, मूल्य कम करते है । कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षक और प्रशिक्षुओं को आज विद्यालयों में सुल्बी या स्टिंग, रज्जु या रस्सी का उपयोग करते हुए ज्यामिति के पढ़ने की पारम्परिक विधि पर वापस जाने के फायदों को समझाया । जिसमें ज्ञानोदय महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुनील सक्सेना, श्रीमती अंजली सेन, श्रीमती नेहा वर्मा, श्रीमती निर्मला जोशी, श्रीमती मंजूबाला दुबे, श्रीमती शम्पा गौर सभी कार्यशाला के क्रियाशील प्रतिभागी रहे । प्रो. सी.के.राजू द्वारा ज्यामितीय प्रायोगिक कार्य जिसमें धागों की सहायता से पाई का मान ज्ञान करना, अपनी उंगलियों की सहायता से किसी दूरस्थ कोण का मान ज्ञात करना आदि कार्य बेहतरीन तरीके से समझाया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने तीन दिवसीय कार्यशाला में पूर्ण उत्साह से भाग लिया ।

अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जसमीत कौर टंडन द्वारा सी.के.राजू जी का आभार प्रदर्शन किया गया।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह

ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 15 / 08 / 2018 बुधवार को 72 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देश – प्रेम की भावना को जाग्रत करना था समारोह का शुभारभं भारत माता पूजन एवं दीप प्रज्जवल्लन के साथ किया गया समारोह में बी. एड. द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं ने उत्साह पूवर्क भाग लिया तथा समूह गान , भाषण व अन्य रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह के अंत मे तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ज्योति महाजन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# राखी एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता




दिनांक 24 / 08 / 2018 शुक्रवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में राखी एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य शिक्षक प्रक्षिणार्थियों की कला एंव संस्कृति में रूचि विकसित करने के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास करना था। प्रतियोगिता में बी. एड. द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने पूर्ण उत्साह व आनंद के साथ भाग लिया। जिसके निर्णायक श्रीमती मंजुबाला दुबे तथा श्रीमती अंजली सेन थे। राखी मेकिंग प्रतियोगिता की विजेता क्रमश : हेमलता नामदेव प्रथम तथा चंचला दानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायक श्री सुनील सक्सेना तथा श्रीमती निर्मला जोशी थे जिसमें निधी शाक्या प्रथम तथा रक्षा गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम

दिनांक 4/09/2018 मंगलवार को ज्ञानोदय महाविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष के शिक्षक प्रशिक्षार्थियों का स्वागत समारोह तथा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक श्री अनिरूद्ध सिंह सर द्वारा माँ सरस्वती दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्या जसमीत कौर टंडन द्वारा संस्था के निदेशक श्री जय कुमार सिंह सर का , सहायक प्राध्यपिका श्रीमती तनु शर्मा द्वारा श्री अनिरूद्ध सिंह सर तथा सहायक प्राध्यपिका श्रीमती उज्जवला मोजिस द्वारा प्रधानाचार्या का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। बी. एड द्वितीय तथा तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम का प्रबंधन तथा संचालन किया गया , जिसमे बी. एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गायत्री साहु द्वारा स्वागत गीत तथा द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा स्वाति केदारे द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात् प्रथम वर्ष के विद्याथियों के लिए मनोरंजक खेल तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। स्वागत समारोह के पश्चात् सहायक प्राध्यापिका श्रीमती तनु शर्मा द्वारा बी. एड. पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई।





# शिक्षक दिवस समारोह

ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 5/09/2018 बुधवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया , जिसमे प्राचार्या डॉ. जसमीत कौर टंडन द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का दीपप्रज्जवलन कर पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी . एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सोनिका चौधरी द्वारा किया गया। समारोह में नीलम जैन ने कविता , मीनल असावा तथा सुचिता दुबे ने समूह गान की शानदार प्रस्तुति दी तत्पश्चात विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में उपस्थित प्राचार्या महोदया तथा अन्य शिक्षक गणों का पुष्प गुच्छ व उपहार से सम्मान किया कार्यक्रम के अंत में छात्रा ज्योति महाजन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# अर्न्तमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता 2018

दिनांक 15 सितम्बर 2018 को हिन्दी दिवस के अवसर पर श्री जैन दिवाकर शिक्षा महाविद्यालय में अर्न्तमहाविद्यालयीन मुहावरे व लोकोक्ति, लेखन प्रतियोगिता के साथ ही एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ज्ञानोदय महाविद्यालय के चतुर्थ सेमेस्टर से नीलम जैन, अभिरूचि श्रीवास्तव, तथा चंचला दानी ने पूर्ण उत्साह व लगन के साथ भाग लिया।

मुहावरे एवं लोकोक्ति प्रतियोगिता में नीलम जैन ने सांत्वना प्रमाण पत्र तथा अभिरूचि श्रीवास्तव, तथा चंचला दानी ने प्रतिभागी प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसी के साथ एकल गायन प्रतियोगिता में नीलम जैन ने प्रतिभागी प्रमाण पत्र प्राप्त कर ज्ञानोदय महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।



# अन्तर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिता 2019

क्रिश्चियन एमिनेंट महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ – साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 16/01/2019 से 18/01/2019 को अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

ज्ञानोदय महाविद्यालय से बी. एड. तृतीय सेमेस्टर से निधि शाक्या ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर कोलॉज ,स्वाती केदारे ने न्यूज पेपर ड्रेस, संध्या शर्मा ने मेंहदी , हेमलता नामदेव ने रांगोली तथा अनामिका खेडे ने एकल नृत्य में पूर्ण लगन व उत्साह से भाग लिया।

ज्ञानोदय महाविद्यालय से बी. एड. प्रथम सेमेस्टर की अनामिका खेडे ने "विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को सहयोग" विषय पर पोस्टर मेंकिंग में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा समूह लोकगीत में बी. एड. तृतीय सेमेस्टर से वीरेन्द्र सिंह राजपूत , निलेश खरपडे , शुभांगी चौहान , ईशा चौधरी , भावना परिहार तथा ज्योत्सना साहू ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

विजेता रहे प्रतिभागियों ने प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्राप्त कर ज्ञानोदय महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



# हिन्दी दिवस समारोह



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 14/09/2018 दिन शुक्रवार को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बी. एड. के विद्यार्थियों के लिए "भारत में हिन्दी का स्थान" पर भाषण, श्रुतलेख व सुन्दर लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे बी. एड. प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ सेमस्टर के विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया। सर्वप्रथम सुन्दर लेखन प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें चंचला दानी ने प्रथम, अभिरूची श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा कविता काग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक सहायक प्राध्यपिका श्रीमती तनु शर्मा थी।

हिन्दी भाषा के विकास हेतु श्रुतलेख प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सभी समस्त सेमेस्टर के इच्छुक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें चतुर्थ सत्र से अभिरूचि श्रीवास्तव ने प्रथम , द्वितीय सेमस्टर से विरेन्द्र सिंह राजपूत ने द्वितीय तथा प्रथम सेमेस्टर से नेहा बागुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक सहायक प्राध्यापिका श्रीमती अंजली सेन थी।

भाषण प्रतियोगिता का विषय था "भारत में हिन्दी की उपयोगिता तथा स्थान" प्रतियोगिता में बी. एड. प्रथम द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह व जोश के साथ भाग लिया , जिसमें द्वितीय सेमेस्टर की रचना जोशी प्रथम , चतुर्थ सेमेस्टर की नीलम जैन द्वितीय तथा प्रथम सेमेस्टर की नेहा बागुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री सुनिल सक्सेना तथा श्रीमती उज्जवला मोसेस थी।

# दीपावली समारोह



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 8/11/2018 शनिवार को विद्यार्थियों में उल्लास, भाई – चारे व सृजनात्मकता के विकास के लिए दीपावली समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बी. एड. प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

1. **रांगोली प्रतियोगिता :–** रांगोली प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम ,द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के इच्छुक विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। जिसमें उन्होने विभिन्न रंगो का उपयोग कर दीपावली के उपलक्ष्य में आकर्षक रांगोली प्रस्तुत की। प्रतियोगिता की विजेता कविता काग प्रथम, गरीमा श्रीवास्तव द्वितीय तथा ज्योति महाजन तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता की निर्णायक ज्ञानोदय विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती इन्दिरा सिंह तथा ज्ञानोदय महाविद्यालय की सहायक प्राध्यपक श्रीमती निर्मला जोशी थे।
2. **मेहंदी प्रतियोगिता :–** मेंहदी प्रतियोगिता में इच्छुक विद्यार्थियों ने कला में अपनी प्रतिभा दिखाते हुऐ पूर्ण उत्साह से भाग लिया। जिसमें निधि शाक्य ने प्रथम, ज्योति महाजन ने द्वितीय तथा प्रिया बानिवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता के निर्णायक प्रंबधन समिति के सदस्य श्रीमती निधि सिंह तथा श्रीमती सेरहा सिंह थी।
3. **व्यंजन प्रतियोगिता :–** व्यंजन प्रतियोगिता में पाक कला का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया तथा विजेता के रूप में अभिरूची श्रीवास्तव ने प्रथम, नयनश्री चौकसे ने द्वितीय तथा कविता काग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रंबधन समिति के सदस्य श्रीमती निधि सिंह तथा श्रीमती सेरहा सिंह थी।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जसमीत कौर टंडन तथा श्रीमति निधि सिंह द्वारा, पुरस्कार वितरण कर विद्यार्थियों को अनुग्रहित किया।

# खेलकूद प्रतियोगिता



ज्ञानोदय महाविद्यालय में दिनांक 5/01/2019 दिन शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों में मंनोरजन तथा शारिरीक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए किया गया जिसमें बी.एड. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

1. **तीन टांग की दौड :–** इस प्रतियोगिता में इच्छुक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें तृतीय सेमेस्टर से वीरेन्द्र सिंह राजपूत प्रथम तथा शुभम चौहान द्वितीय रहे।
2. **आलू रेस :–** आलू रेस प्रतियोगिता में सर्वाधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा मनोरंजन का पूर्ण लाभ लिया। प्रतियोगिता के विजेता बी.एड. तृतीय सेमेस्टर से शुभम चौहान प्रथम तथा विरेन्द्र सिंह राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
3. **खो–खो प्रतियोगिता :–** विद्यार्थियों में समूह समन्वय स्थापित करने के लिए खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समूह अ व समूह ब के प्रतियोभागियों ने पूर्ण साहस व जोश के साथ खो – खो खेला। समूह अ के कप्तान शुभम चौहान के प्रतिनिधित्व में समूह ब को मात्र 3 मि. मे हरा कर जीत हासिल की।
4. **कबड्डी प्रतियोगिता :–** ज्ञानोदय विद्यालय की खेल शिक्षिका सुश्री सीमा कश्यप मेडम के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें समूह अ व समूह ब के प्रतिभागियों ने पूर्ण साहस के साथ खेला तथा समूह ब ने समूह अ को हरा कर जीत हासिल की।

इसके साथ अन्य प्रतियोगिताएँ जिनमें बोरा रेस, रस्साकसी, गेंद व टोकरी प्रतियोगिता तथा पेन्सिल व सिक्का प्रतियोगिता भी रखी गई। अंत में महाविद्यालय द्वारा प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार की व्यंवस्था कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मिलन समारोह

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय , इन्दौर के अंतर्गत संबद्धता प्राप्त अशासकीय बी. एड. महाविद्यालयों की ओर से अशासकीय शैक्षणिक संघ के द्वारा दिनांक 13/01/2018, रविवार को नखराली ढाणी , राऊ मे मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डी.ए.वी.वी. के कुलपति डॉ. नरेन्द्र धाकड जी , कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा जी , डी.सी.डी.सी. डॉ सुमंत कटियाल जी द्वारा ज्ञानोदय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जसमीत कौर टंडन को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।





PRINCIPAL
**Dr. JASMEET KAUR TANDON**
M.A. (Geography)
MBA / M.Ed. / NET / Ph.D.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mr. SUNIL SAXENA**
M.A. (English/Political Science) / M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. REENA PATIL**
M.A. (Hindi/Sanskrit) / M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. KAMAKSHI SINGH**
M.A. (Political Science) / M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. UJJAWALA MOSES**
M.A. (English)
M.Ed. / NET / M.Phil



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. TANU SHARMA**
M.Sc. (Botany) / M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. NEHA VERMA**
M.A. (Hindi/Economics)/M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. ANJALI SEN**
M.H.Sc. (Human Development) /M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Dr. NIRMALA JOSHI**
M.Ed./NET/Ph.D.




ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. ARUNDHATI THAKUR**
M.A.(English)/M.Ed.




ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. DEEPALI MUNGRE**
M.Sc. (Biology)/M.Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. EKTA TIWARI**
M.P. Ed.



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. YOGITA PHADKE**
M.A. (Music)



ASSISTANT PROFESSOR
**Mr. RIAZUDDIN PATEL**
MFA



ASSISTANT PROFESSOR
**Mrs. SHAMPA GOUR**
M.Com./M.Ed.




LIBRARIAN
**Mrs. MANJUBALA DUBEY**
M.Lib.



OFFICE ASSISTANT CUM COMPUTER OPERATOR
**Ms. VIBHUTI AGNIHOTRI**
M.Com



TECHNICAL ASSISTANT
**Mr. JITENDRA PAGARE**
B.Ed./M.A. (Sociology) / PG.DCA / B.Lib.



SUPPORTING STAFF
**Mr. VIJAY PAGARE**
Graduate



PEON
**Mrs. PARVATI**